

# संजय टाईगर रिजर्व में बाघों का तेजी से बढ़ रहा कुनबा

## टाईगर क्षेत्र में 33 पहुंची बाघों की संख्या, बाघ एवं शावकों से गुलजार हुआ संजय टाईगर

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 दिसम्बर। जिले का संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र इन दिनों बाघों से गुलजार हो चुका है। टाईगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों का कुनबा बढ़ने के बाद स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि यहां का वातावरण बाघों को खूब भा रहा है। यहां के वन क्षेत्र को बाघ अपना सुरक्षित रहवास बना चुके हैं।**

सफारी पर दिखाई दे रहा है कि वर्ष 2018 में पहले यहां पर बाघों की संख्या महज 6 थी लेकिन अब वह बढ़कर 33 हो गई है। हाल ही में टाईगर रिजर्व क्षेत्र में वन्य जीवों की गणना का कार्य पूर्ण कर एकत्रित किये गये डाटा को प्रयोगशाला जांच के लिये देहरादून भेजा गया है। करीब एक सप्ताह में वहां से वन्य जीवों की गणना के संबंध में वास्तविक रिपोर्ट सामने आ जायेगी। टाईगर रिजर्व क्षेत्र में बढ़ रही बाघों की संख्या प्रदेश के लिए शुभ संकेत दे रहे हैं। बाघों की संख्या बढ़ाने में



टाइगर रिजर्व क्षेत्र के कुशल प्रबंधन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बाघों के रिहायशी इलाके को बढ़ाने के लिए लगभग 17 गांवों को खाली भी करा दिया गया है ताकि बाघ यहां स्वच्छंद रूप से विचरण कर सकें। बाघों की सुविधा के लिए वन क्षेत्रफल तो बढ़ाया ही जा रहा है साथ ही साथ उनके शिकार के लिए बांधवगढ़ से चीतलों को भी लाया गया। जंगली सुअर और जंगली भैंसों के कारण बाघों को शिकार करने में भी आसानी हो रही है। वहीं नन्हें शावकों के लिए छोटे-छोटे तालाब भी बनाए गए हैं। समय-समय पर सभी की मॉनिटरिंग भी प्रबंधन के द्वारा की जा रही है। लिहाजा यहां बाघों को सभी सुविधाएं मुहैया हो रही हैं। टाईगर रिजर्व क्षेत्र में रहने वाले बाघों को आसानी के साथ शिकार उपलब्ध हो रहे हैं। बाघों को पर्याप्त मात्रा में शिकार उपलब्ध हो इसके लिए संजय टाईगर रिजर्व के अधिकारियों द्वारा भी छोटे वन्य जीवों की बड़ी संख्या में छोड़ने का क्रम जारी रखा गया है। जब भी मानीटरिंग के दौरान मालुम पड़ता है कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में छोटे वन्य जीवों की संख्या कम हो गई है बाहर से लाकर संख्या को बढ़ा दिया जाता है। संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों के अनुकूल सभी सुविधाओं का विस्तार काफी तेजी के साथ किया जा रहा है।

साथ ही टाईगर रिजर्व क्षेत्र के अंदर अभी करीब 3 दर्जन गांव आबाद हैं। जिनका जल्द से जल्द विस्थापन किया जाना काफी आवश्यक है। विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए संजय टाईगर रिजर्व द्वारा 15 लाख की रकम के साथ ही घर एवं अन्य सम्पत्तियों का मुआवजा भी दिया जा रहा है। फिर भी इसमें बाहर से आकर फर्जी विस्थापित बनने वाले लोगों द्वारा विस्थापन में पेंच फंसाने का कार्य सालों से किया जा रहा है। उनके द्वारा इसके लिए राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों से भी दवाब बनाने का सहारा लिया जा रहा है। वहीं कुसमी क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए विस्थापन की कार्यवाही अब सख्ती के साथ होनी चाहिए, जिससे यहां की रौनक बढ़ सके।

### पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बने बाघ

संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र के अंदर के गांवों का विस्थापन पूर्णरूप से न होने के कारण यह अभी अपने अस्तित्व में पूरी तरह से नहीं आ पा रहा है। टाईगर रिजर्व क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा वर्षों से चल रही विस्थापन की कार्यवाई को पूर्ण कराने में प्रयासरत है। फिर भी यहां बाघों की संख्या में हो रहे इजाफा के चलते आने वाले पर्यटकों का मुख्य केन्द्र बिन्दु बाघ ही बने हुये है। पर्यटन नक्शे में संजय टाईगर रिजर्व सीधी के आने के बाद से ही यहां पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये लगातार सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। जिसमें पर्यटकों के ठहरने के लिये रिसॉर्ट एवं देशी हट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं देश एवं विदेश के पर्यटकों को यहां सुविधा उपलब्ध कराने के लिये ऑनलाईन बुकिंग की सुविधा भी दी गई है।

### इनका कहना है

संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में हाल ही में टीम द्वारा वन्यजीवों की गणना का कार्य पूर्ण किया गया है। यहां से एकत्रित किये गये डाटा को देहरादून भेजा गया है। वहां से विश्लेषण के पश्चात वन्य जीवों की संख्या के संबंध में करीब एक सप्ताह में वास्तविक रिपोर्ट आ जायेगी। यह अवश्य है कि इससे पूर्व की गणना में संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों की संख्या 33 थी।

**राजेश कन्ना टी, डीएफओ टाईगर रिजर्व सीधी**



# सामाजिक सुरक्षा पेंशन ई-केवायसी में सीधी जिला प्रदेश में प्रथम

## आधार ई-केवायसी पूर्ण कर सीधी जिला बना अग्रणी

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 दिसम्बर। सीधी जिले ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत आधार ई-केवायसी के शत-प्रतिशत लक्ष्य को समय से पूर्व पूर्ण कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी एवं संवेदनशील क्रियान्वयन का परिणाम है।**

राज्य शासन द्वारा निर्देशित किया गया था कि सभी पेंशन हितग्राहियों की आधार ई-केवायसी 31 दिसम्बर 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण की जाए तथा ई-केवायसी लंबित रहने की स्थिति में 31 अगस्त 2025 तक पेंशन होल्ड की जाए। इन निर्देशों के अनुरूप सीधी जिले ने निर्धारित समयसीमा से पूर्व ही शत-प्रतिशत ई-केवायसी सुनिश्चित कर ली। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत सीधी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ई-केवायसी लंबित हितग्राहियों का घर-घर जाकर सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान मृत, अपात्र अथवा पलायन कर चुके व्यक्तियों को नियमानुसार चिन्हित कर उनकी पेंशन बंद की गई। वहीं वृद्धावस्था, दिव्यांगता अथवा गंभीर स्वास्थ्य कारणों से असमर्थ ऐसे पात्र हितग्राहियों, जिनका बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण संभव नहीं था, उनके लिए राज्य शासन द्वारा जनवरी 2025 में जारी एसओपी के अनुसार विशेष प्रक्रिया अपनाई गई। ग्राम पंचायत सचिव अथवा वार्ड प्रभारी द्वारा पंचनामा तैयार कर निवास एवं पात्रता प्रमाणित की गई तथा स्थानीय अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण उपरांत पेंशन निरंतर जारी रखने की अनुशंसा की गई। जिन हितग्राहियों ने आधार ई-केवायसी पूर्ण कर पात्रता सिद्ध की, उन्हें पुन: पेंशन प्रस्ताव में सम्मिलित किया गया। पूर्व में अपात्र या पलायन के कारण बंद की गई पेंशन के मामलों में भी, ई-केवायसी पूर्ण होने पर पात्रता अनुसार नवीन आवेदन दर्ज कर पेंशन स्वीकृति एवं एरियर भुगतान की कार्यवाही समयबद्ध रूप से की गई। सभी नगरीय एवं ग्रामीण निकायों की समन्वित, योजनाबद्ध एवं संवेदनशील कार्यवाही के परिणामस्वरूप सीधी जिला सामाजिक सुरक्षा पेंशन आधार ई-केवायसी में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल होकर प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त करने में सफल रहा है। यह उपलब्धि जिले के प्रशासनिक समर्पण के साथ-साथ वृद्ध, दिव्यांग एवं असहाय नागरिकों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण को भी दर्शाती है।



# दो मेधावी विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 दिसम्बर। सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दो मेधावी छात्राओं का गुजरात भ्रमण हुआ।**

प्राचार्य आरती पाण्डेय ने बताया कि सत्र 2024-25 में हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय स्थान हासिल करने वाली विद्यालय की दो छात्रा दीक्षा द्विवेदी और अजंली पांडेय का भारत गौरव स्पेशल ट्रेन से गुजरात भ्रमण कराया गया। छात्रा दीक्षा द्विवेदी ने बताया कि 8 दिसम्बर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होकर पूरे म.प्र. सांदीपनि विद्यालय के बच्चों के साथ बहुत ही मनमोहक भ्रमण हुआ। रहने खाने की व्यवस्था बहुत ही अच्छी रही।

# खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कलेक्टर ने लगाया पूर्ण प्रतिबंध, विशेष दल गठित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 दिसम्बर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर पूर्ण रोक लगाने के लिए कड़े आदेश जारी किए हैं।**

जिले के विभिन्न क्षेत्रों-गोतरा, पोड़ी, टिकरी, डालापीपर, भूमिका, निधपुरी, तिलबारी, राजौंहा, लिलबार, डेम्हा, अमरवाह और कुर्रवाह से प्राप्त शिकायतों के आधार पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम और प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों का विशेष दल गठित किया गया है, जो प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर निगरानी सुनिश्चित करेगा। जांच दल में उपखण्ड सीधी के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट राजस्व सीधी, नगर पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी वन वनमंडल सीधी, अधीक्षक सोन घड़ियाल अभ्यारण्य और प्रभारी खनि. निरीक्षक गोपद बनास शामिल हैं। इसी प्रकार कुसमी, मझौली, चुरहट और सिहावल के लिए संबंधित मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, वन अधिकारी, अभ्यारण्य अधीक्षक और प्रभारी खनि. निरीक्षक को दल में नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर ने सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर पूर्णत: रोक सुनिश्चित करें। इसके लिए आवश्यकतानुसार रात्रि गस्त टीमों का गठन कर सतत निगरानी की जाएगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इन-स्ट्रीम माइनिंग पूर्णत: प्रतिबंधित होगी, केवल ई-टीपी द्वारा स्वीकृत मात्रा का ही परिवहन किया जाएगा, स्वीकृत खनन क्षेत्र से बाहर खनन और वैध अभिवहन पास के बिना खनिजों का परिवहन पूरी तरह निषिद्ध रहेगा। सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया गया है कि वे अभियान के दौरान की गई कार्यवाही का पाक्षिक (15 दिन) पालन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरकर्ता को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन या भंडारण पाए जाने की स्थिति में संबंधित दल को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान जिले में खनिज संसाधनों के संरक्षण, अवैध गतिविधियों की रोकथाम और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

# भरतपुर अंचल के भक्तगण कर रहे हैं श्री रामकथा का रसपान

## पहली बार गांव में कथा कहने आये अंतर्राष्ट्रीय संत मुरलीधर

**नवभारत न्यूज**

**बघवार 18 दिसम्बर। जिले के सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर ग्राम कपुरी कोठार में भरतपुर अंचल के भक्तगण श्रीराम कथा का रसपान कर रहे हैं। पहली बार गांव में कथा कहने के लिये अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास संत मुरलीधर जी महराज आये हैं।**

अपनी ओजस्वी प्राणी प्रवाह के साथ संत मुरलीधर श्री राम कथा के प्रसंगों पर प्रवचन कर रहे हैं। कथा व्यास ने कहा कि जीवन को सुलझाने का एकमात्र रास्ता श्री राम कथा है। साधू का जीवन यदि कोई साधन जीता है तो बड़ा त्याग करना पड़ता है। युवा में ही यदि भगवान से



प्रेम हो जाता है तो बूढ़ा होते-होते प्रगाणता आ जाती है। कथा व्यास ने शिव-पार्वती प्रसंग पर प्रवचन करते हुये कहा कि शिव को पति रूप में पाने के लिये पार्वती ने कठिन तप किया, ऐसा कठोर तप किया कि आकाशवाणी हुई कि आपको पति के रूप में भगवान शिव मिलेंगे। इससे पहले सप्तऋषि मिलेंगे तो उसका प्रमाण सामने आ जायेगा। उधर सप्तद्वऋषियों से भगवान शंकर ने कहा कि आप वन में जाकर तप में लीन पार्वती की प्रेम परीक्षा लीजिये। उनसे पूंछिये कि आप किस वर की प्रत्याशा में यह कठिन आराधना कर रही हैं। तब सप्तऋषि वन पहुंचे और उनसे आराधना करने के संबंध में पूंछा। पार्वती ने कहा कि मुझे संकोच हो रहा है कि नारद के वचनों को हमने सत्य मानकर बिना पंखों से उड़ने की चाह सजों रखी है। तब ऋषियों ने कहा कि नारद का मन कपट से भरा है। जिसने भी उनकी बात मानी, उसका घर नहीं बसा। आप चाहें तो शंकर के स्थान पर जो बैरागी जीवन में लीन है उनके स्थान पर श्री हरि विष्णु से विवाह करा देंगे। पार्वती ने कहा कि जिसका मन जहां लग गया वही प्रिय है। सप्तऋषियों की परीक्षा में पार्वती पूरी तरह सफल रहीं और उनके विवाह की राह प्रशस्त हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ संविदाकार एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह केडी, जिपं सदस्य श्रीमती मीनू सिंह, अखिलेश पाण्डेय, शिवेंद्र सिंह, उमेश सिंह, प्रदीप सिंह, अनोखेलाल सिंह, एड.केपी सिंह, अनुराग सिंह, सतीष सिंह, पंकज सिंह, शशिभूषण तिवारी, अरविंद सिंह, दिवाकर तिवारी, महेन्द्र पाण्डेय, सुधाकर द्विवेदी, राजेश सिंह, हंसराज सिंह, रामलखन कोरी अनिल सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# इन्द्रवती नाट्य समिति ने आगा पीछा नाटक का किया मंचन

## रोशनी प्रसाद मिश्र के निर्देशन में आगा पीछा की हुई अद्भुत प्रस्तुति

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 दिसम्बर। इन्द्रवती नाट्य समिति द्वारा आयोजित 30 दिवसीय नि:शुल्क आवासीय प्रस्तुति परक राष्ट्रीय नाट्य कार्यशाला के प्रथम चरण समाप्ति पर मुंशी प्रेमचंद की कहानी आगा पीछा का बैजनाथ सभागार में अदभुत प्रस्तुति हुई।**

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ.राजकरण शुक्ला वरिष्ठ साहित्यकार, विशिष्ट अतिथि पुष्पलता शर्मा एवं रंजना मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। नाट्य प्रस्तुति से पूर्व अतिथियों द्वारा मंच पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात नाटक की प्रस्तुति शुरू हुई। नाटक की शुरुआत गणेश वंदना से शुरू हुई। नाटक को प्रभावी बनाने हेतु निर्देशक द्वारा नाटक में भोजपुरी लोकधुनों के साथ-साथ मैथिली लोकधुनों का शानदार प्रयोग किया गया था जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। कहानी कोकिला नाम की वैश्या के इर्द गिर्द ही घूमती है, मजबूरी बस वह वेश्यालय में बेंच दी जाती है इसी बीच एक जनार्दन सेठ से संबंध बनता है और वह एक सुंदर कन्या को जन्म देती है जिसका नाम श्रद्धा है। जब वह कॉलेज पढ़ने जाती है तो लोग वैश्या की लड़की कहकर चिढ़ाते हैं जिससे वह दुखी रहती है पर एक दिन सौभाग्य से उसकी



मुलाकात भगतराम नाम के एक विद्यार्थी से होती जो जातीय भेदभाव का शिकार रहता है इसलिए दोनों की एक पीड़ा एक विचार होने के कारण दोस्ती हो जाती है जो धीरे-धीरे प्रेम में तब्दील हो जाती है और विवाह की तारीख भी तय कर दी जाती है पर सामाजिक भय से भगतराम विक्षिप्त अवस्था में चला जाता है और मृत्य को प्राप्त करता है पर श्रद्धा जन्म जन्मांतर तक रिश्ता निभाने का प्रण लेकर विवाह नहीं करने का फैसला लेती है। मंच पर कोकिला राहुल सेन, चौधरी जनार्दन सेठ और सूत्रधार एक अभोर, चौधराइन और सूत्रधार दो मनीष कुमार, श्रद्धा यश कुमार और भगतराम व सूत्रधार तीन की भूमिका सूर्यकांत ने बखूबी निभाया जिससे पात्रों को जीवंत कर दिया। नाटक में जहां शुरुआत में संगीत के साथ दर्शक झूम उठे वहीं अंतिम दृश्य में सात्विक अभिनय देखकर भावुक भी हुए।

नाटक में मंच परे प्रकाश परिकल्पना रजनीश कुमार जायसवाल की थी। संगीत संयोजन प्रजीत कुमार साकेत ने किया, ढोलक पर सत्यदीप द्विवेदी एवं तबले पर सजल मिश्र ने संगत किया। संगीत परिकल्पना एवं निर्देशन रोशनी प्रसाद मिश्र ने किया था। कार्यशाला परिकल्पना नीरज कुंदेर की रही वहीं मंच संचालन तथा आभार प्रदर्शन रोशनी प्रसाद मिश्र ने किया। इस अवसर पर विनय मिश्र, बाबूलाल कुंदेर, रामनरेश सिंह चौहान, श्रवण मिश्र, अखिलेश चतुर्वेदी, राकेश जायसवाल, डॉ.अजय सिंह गहरवार, नेहा कुंदेर, प्रहलाद मिश्र, विकास मिश्र, कुलदीप सोनी, प्रियांशु मिश्र सहित कई सुधी दर्शक मौजूद रहे।

### एक नजर में

### यूनीपोल व होर्डिंग प्रकरण में नपा ने स्पष्ट की स्थिति

**सीधी।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने यूनीपोल, विज्ञापन बोर्ड एवं होर्डिंग से संबंधित स्थिति को स्पष्ट करते हुए बताया कि नगर में यह समस्त कार्यवाही मध्यप्रदेश आउटडोर मीडिया विज्ञापन अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के अंतर्गत की जा रही है। वर्ष 2016 तक पूर्व विज्ञापन एजेंसियों द्वारा सीधे आवेदन पर विज्ञापन बोर्ड लगाए जाते रहे, किंतु शर्तों के उल्लंघन एवं शुल्क जमा न किए जाने की स्थिति में नगर पालिका द्वारा अनुमति निरस्त कर अवैध होर्डिंग हटाए गए। अधिनियम प्रभावशील होने के पश्चात नगर पालिका द्वारा नियमानुसार निविदा प्रक्रिया अपनाई गई। इसके अंतर्गत पीआईसी की स्वीकृति के बाद निविदाएं आमंत्रित कर मई 2025 में संबंधित एजेंसियों से अनुबंध निष्पादित किया गया तथा प्रथम तिमाही की राशि जमा होने के उपरांत कार्य प्रारंभ कराया गया। स्थल पर पूर्व से लगे अवैध बोर्डों के कारण कुछ स्थानों पर कार्य प्रारंभ होने में विलंब हुआ, जिसे क्रमश: हटाया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में लगाए गए कुछ यूनीपोलों को लेकर आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जिन पर नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टेंडर प्रक्रिया पूर्णत: वैधानिक है तथा इससे असंतुष्ट किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा नगर पालिका परिषद अथवा शासन स्तर पर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास के समक्ष अपील प्रस्तुत की जा सकती है।

### होर्डिंग हटाने दिया नोटिस

**सीधी।** उपखण्ड मजिस्ट्रेट गोपद बनास राकेश शुक्ला द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 152 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए निर्देशित किया गया है कि सीधी शहर अंतर्गत अनाधिकृत एवं विधि विरुद्ध रूप से लगाए गए समस्त फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर एवं होर्डिंग 26 दिसम्बर के पूर्व अनिवार्य रूप से हटाए जाएं। निर्धारित समय-सीमा में सामग्री नहीं हटाए जाने की स्थिति में प्रशासन द्वारा संबंधितों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सार्वजनिक स्थानों एवं शासकीय संपत्तियों पर बिना सक्षम अनुमति फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर एवं होर्डिंग लगाए जाने से सार्वजनिक सड़क मार्ग अवरुद्ध हो रहे हैं जिससे आम जनमानस को आवागमन में असुविधा हो रही है तथा न्यूसेंस की स्थिति निर्मित हो रही है। इसके अतिरिक्त सीईओ नगरपालिका परिषद सीधी द्वारा कलेक्टर सीधी को प्रेषित पत्र दिनांक 18 .12 .2025 के अनुसार यूनिक एडवरटाइजिंग रीवा द्वारा मध्यप्रदेश आउटडोर मीडिया अधिनियम 2017 के अंतर्गत जारी गाइडलाइन एवं नगरपालिका सीधी के साथ किए गए अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया गया है। नगर के प्रमुख मार्गों-नगरपालिका के सामने, कलेक्ट्रेट चौक एवं मानस भवन के समीप स्थित यूनीपोल अत्यधिक समीप एवं कम ऊंचाई पर लगाए गए हैं, जिससे दुर्घटना एवं जनहानि की संभावना बनी हुई है। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अवैध रूप से लगाए गए फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर एवं होर्डिंग को हटाने की कार्यवाही आवश्यक पाई गई है। आदेश की तामीली भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताए 2023 की धारा 153(2) में विहित प्रावधानों के अनुसार कराए जाने हेतु तहसीलदार गोपद बनास को निर्देशित किया गया है।

# रेलवे निर्माण में नियमों का पालन सुनिश्चित करने सघन अभियान

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 दिसम्बर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सीधी स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं जिला खनिज अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में खनिज, राजस्व एवं पुलिस अमले द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण रोकने हेतु सघन अभियान लगातार जारी है।**

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक अवैध उत्खनन के 11, परिवहन के 95 और भंडारण के 5 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे लगभग 63.24 लाख रूपये राज्य शासन के कोष में जमा कराए गए। बरसात उपरांत नवंबर माह से रेलवे निर्माण कार्य में अवैध मिट्टी/मुरूम उत्खनन की शिकायतें मिलने पर संबंधित अमले ने सघन जांच कर रेलवे कार्य से जुड़े 3 वाहनों एवं 3 अवैध उत्खनन के प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की। कलेक्टर की अध्यक्षता में दिनांक 08.12.2025 को और संभागीय कमिश्नर की अध्यक्षता में 10.12.2025 को आयोजित बैठकों में रेलवे अधिकारियों एवं संविदाकारों को खनिज नियमों के अनुसार वैधानिक अनुमति लेने और अग्रिम रायल्टी जमा करने के निर्देश दिए गए। शिकायतों के आधार पर 10 प्रमुख रेलवे संविदाकारों को कारण बताओ पत्र जारी कर जबाव तलब किया गया है। साथ ही, बिना अनुमति एवं अग्रिम रायल्टी जमा किए कार्य करने वाले संविदाकारों के देयकों पर रोक लगाने हेतु रेलवे विभाग को पत्र भेजा गया। रेलवे संविदाकारों द्वारा अग्रिम रायल्टी जमा किए बिना रनिंग बिल भुगतान के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ मैदान में उतरें : ज्ञान

## मझौली उप-चुनाव में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन, ज्ञान सिंह ने भरी जीत की हुंकार

**नवभारत न्यूज**

**मझौली 18 दिसम्बर। नगर पंचायत मझौली के उप-चुनाव के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के चुनावी कार्यालय का भव्य उद्घाटन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक बृहद कार्यकर्ता बैठक का आयोजन भी हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने की। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।**

बैठक में कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त उत्साह, ऊर्जा और जोश देखने को मिला। चुनावी रणनीति, जनसंपर्क अभियान, बूथ सशक्तिकरण एवं संगठनात्मक मजबूती को लेकर विस्तृत एवं



सार्थक चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि नगर पंचायत मझौली का यह उप-चुनाव कांग्रेस पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है और अब बदलाव चाहती है। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो आमजन के हक, अधिकार और विकास की बात करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जनसंपर्क, बूथ स्तर पर मजबूती और आपसी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ मैदान में उतरें, तो कांग्रेस की जीत निश्चित है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि मझौली की जनता कांग्रेस के साथ है और आने वाला परिणाम पार्टी के पक्ष में होगा। सभी वक्ताओं ने संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन कांग्रेस की जीत के संकल्प और संगठन को और अधिक मजबूत करने के आह्वान के साथ किया गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्षगण चिंतामणि तिवारी, आनंद बहादुर सिंह, रुद्रप्रताप सिंह, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र भदौरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह, जनपद अध्यक्ष कुसमी श्रीमती श्यामवती सिंह, उपाध्यक्षगण आनंद सिंह शेरगांव, आकाश सिंह, दिनेश पाठक, संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह, महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री श्रीमती कुमुदुनी सिंह, महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती शशिकला द्विवेदी, सेवादल अध्यक्ष अरविन्द सिंह, वरिष्ठ पार्षद नपा सीधी ओंमकार सिंह, महामंत्री हरिहर सोनी एवं भूपेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य कृष्णदास साकेत, आदिवासी प्रकोष्ठ अध्यक्ष तिलकराज, महामंत्री ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, आर .पी .राठिया, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बृजेश तिवारी, सतेन्द्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित, पंचायती राज प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक अजीत सिंह, युवा नेता सुदीप द्विवेदी, वरिष्ठ नेता गणेश सोनी, रामकुमार सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विदेश सिंह एवं यमुना वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, संतोष तिवारी, श्रीमती उमा सिंह, पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विनय मिश्रा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शनि सिंह चंदेल, पंकज सिंह सहित वरिष्ठ एवं युवा कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।